संक्षिप्त

छात्रों को अधिकार बताए

बौंली-बामनवास । राष्ट्रीय बाल दिवस के अवसर पर राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय बौंली के प्रांगण में तालुका विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश व अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विकास नेहरा ने छात्र-छात्राओं को अपने अधिकारों के संरक्षण से संबंधित जानकारी दी। न्यायाधीश विकास नेहरा ने बताया कि 6 से 14 वर्ष तक बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा प्राप्त करने का संवैधानिक अधिकार है एवं 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों से किसी भी प्रकार का श्रम नहीं कराया जा सकता है। बाल विवाह पर जानकारी देते हुए तालुका अध्यक्ष ने बताया कि लड़की की उम्र 18 वर्ष एवं लड़के की उम्र 21 वर्ष से पूर्व के विवाह बाल विवाह की श्रेणी में आते हैं। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक किशन लाल मीणा, शिक्षिका अनीता प्रजापत, शिक्षक अब्दुल रईस, पैनल अधिवक्ता गणपत गुर्जर, मोहम्मद जाहिद शिरवानी एवं अनिल कुमार शर्मा सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे। राष्ट्रीय बाल दिवस के अवसर पर लाल बहादुर शास्त्री अकादमी में बाल दिवस को पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन के रूप में मनाया । इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक नंदकिशोर सैनी ने छात्र-छात्राओं को विभिन्न जानकारियां दी।

आज कृषि मंडी का रहेगा अवकाश

मालपुरा, (निस) कृषि उपज मंडी मालपुरा व्यापार मंडल पदाधिकारी गिरधारी आगीवाल ने बताया कि शुक्रवार 15 नवम्बर को कार्तिक पुर्णिमा स्नान के चलते मालपुरा मंडी में रहेगा अवकाश। व्यापारियों ने किसानों से अपने जिंस बैचान के लिये शुक्रवार को मंडी नही आने की सूचना दी।

4 महिला और 6 संदिग्ध व्यक्ति को किया डीटेन

नारायणपुर ,। कस्बे में गुरुवार को नारायणपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 2 अलग-अलग अनाधिकृत गेस्ट हाउस में संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त होने के चलते 2 होटल संचालक सहित 6 संदिग्ध व्यक्ति और 4 लड़कियों को डीटेन किया गया हैं। थानाधिकारी शिम्भूदयाल मीणा ने बताया कि कस्बे के बाईपास पर स्थित ताल गेस्ट हाउस और माधव गेस्ट हाउस की तलाशी ली गई तो गेस्ट हाउस संचालक सहित 6 पुरुष और 4 महिला संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त होने के चलते उन्हें डीटेन कर थाने लाया गया। वही 4 महिलाओं को थानाधिकारी ने हिदायद देकर छोड़ दिया है। जबकि 6 लोगों को डीटेन कर गिरफ्तार किया गया हैं। इस दौरान थानाधिकारी द्वारा होटल और गेस्ट हाउस में एंट्री रिकॉर्ड की जाँच की गई। उन्होंने होटल व गेस्ट हाउस संचालकों को हिदायत देते हुए कहा कि जो भी आपके यहाँ दिन या रात को ठहरे उसकी आईडी प्रूफ लेना कभी ना भूले। ताकि नारायणपुर में अपराध पर अंकुश लगाया जा सके। थानाधिकारी ने कहा कि संदिग्ध लोगों के ठहरने की तुरंत जानकारी पुलिस को दे। थानाधिकारी शिम्भूदयाल मीणा ने कहा कि आगे भी गेस्ट हाउसो पर कार्रवाई जारी रहेंगी।

एसडीएम को थप्पड मारने के विरोध में मालपुरा में जाट समाज ने किया प्रदर्शन

- अधिकारी व कर्मचारियों ने पेन डाउन कर दिया धरना
- डाक बंगले से निकाला गया आक्रोश प्रदर्शन, सरकारी कार्यालयो मे कामकाज हुआ प्रभावित

एसडीएम को थप्पड मारने के विरोध में मालपुरा में जाट समाज ने विरोध किया ।

मालपुरा, (निस) बीते दिन देवली उनियारा विधानसभा उपचुनाव मतदान के दौरान समरावता पोलिंग बुथ पर निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा द्वारा मालपुरा एसडीएम व चुनाव एरिया मजिस्ट्रेट अमित चौधरी को थप्पड जड देने की घटना की कडे शब्दों में निन्दा करते हुये गुरूवार को जाट समाज ने मालपुरा में प्रदर्शन कर दी आंदोलन की चेतावनी। एसडीएम थप्पड प्रकरण की कडे शब्दो मे निन्दा करते हुये मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र के एसडीएम कार्यालय, तहसील कार्यालय, पंचायत समिति, कृषि मंडी सहित अन्य कार्यालयो व सरपंच संघ सहित मालपुरा बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने घटनाक्रम की कडे शब्दो मे निन्दा करते हुये नरेश मीणा के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की मांग को लेकर मुख्यमंत्री व केबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी के नाम किया ज्ञापन प्रेषित।

वही टोडारायसिंह व केकडी मे भी घटनाक्रम की निन्दा करते हुये अधिकारी कर्मचारियो ने पेन डाउन हडताल कर किया धरना प्रदर्शन। मालपुरा मे तहसीलदार पवन कुमार चौधरी,विकास अधिकारी अभिमन्यु चौधरी, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी जयनारायण जाट, टोडारायसिंह मे एसडीएम कपिल शर्मा, तहसीलदार राहुल पारीक सहित अन्य अधिकारियो की अगुवाही मे पेन डाउन हडताल के चलते सरकारी कार्यालयो मे कामकाज प्रभावित रहा।

दूरदराज से आये लोगो को निराश होकर वापस लौटना पडा। जाट समाज के लोगो ने डाक बंगले से विरोध जुलुस निकाल नारेबाजी करते हुये कोर्ट परिसर पहुंचे व सांकेतिक धरना भी दिया। बार के अधिवक्ताओं व अधिकारी कर्मचारियो ने भी धरना शुरू कर सख्त कार्यवाही होने तक धरना व पेन डाउन हडताल जारी रखने का ऐलान कर दिया। सरपंच संघ अध्यक्ष भंवर लाल जाट की अगुवाही मे सरपंचो ने घटना की निन्दा कर कलेक्टर के नाम ज्ञापन प्रेषित किया। जाट समाज के लोगो ने नरेश मीणा के विरूद्ध जमकर नारेबाजी की। धरना प्रदर्शन मे शामिल अधिवक्ताओं व अधिकारी व कर्मचारियो ने एम्पलाई सिक्योरिटी एक्ट लागू करने की मुख्यमंत्री से की मांग। थप्पड प्रकरण को लेकर दिनभर मालपुरा शहर के हर गली नुक्कड पर मामला सुर्खियो मे रहा। तो लोगो ने प्रकरण मे निष्पक्ष जांच व दोषियो पर कार्यवाही की मांग उठाई गई। वही पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का भी विडियो वायरल हुआ जिसमे गहलोत ने घटना की कडे शब्दो मे निन्दा करते हुये कहा कि प्रदेश मे सरकार का ईकबाल खत्म हो गया है। वही डॉ. किरोडीलाल मीणा ने भी विडियो वायरल कर सम्पूर्ण प्रकरण की निष्पक्ष जांच की बात कहते हुये कहा कि ऐसे घटना क्रम मे सरकारी मुलाजिम हो या फिर पब्लिक मेन दोषी को किसी भी सुरत नही बक्शा जायेगा। गुरूवार को नरेश मीणा की गिरफ्तारी के बाद उपजे उपद्रव मे मिडियाकर्मियों के साथ उपद्रवियो द्वारा की गई मारपीट जैसी घटना का मिडिया संगठनो ने भी नाराजगी जत्ता दोषी उपद्रवियो पर कार्यवाही की मांग की।

स्कूल में मनाया बाल दिवस

टोंक। राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय जवाली में बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी जानकारी देते हुए प्रबोधक राजेश महावर ने बताया कि देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की तस्वीर पर समस्त स्टाफ के द्वारा माल्यार्पण करके कार्यक्रम की शुरुआत की गई तथा इस अवसर पर प्रत्येक बच्चों को गुलाब का फूलों का वितरण किया गया और यह संदेश दिया गया कि बच्चे गुलाब की फूलों की तरह नाजुक होते हैं इसलिए प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले नुकसान व दुष्परिणाम से आने वाली पीढ़ी को हमें बचाकर रखने के लिए प्लास्टिक का उपयोग हमें नहीं करना चाहिए। इसका संदेश आज बाल दिवस के रूप में राजेश महावर ने सभी बच्चों को दिया साथ ही चाचा नेहरू के जन्म दिवस के अवसर पर विद्यालय में बच्चों द्वारा अपनी अपनी मनपसंद की स्टालों का संचालन कक्षा-कक्षो की सफाई व सजावट कार्य किया।

अटल जन सेवा शिविर में पहुंच कलेक्टर ने लोगों की सुनी समस्याएं

तिजारा। खैरथल तिजारा जिले में जिला कलेक्टर किशोर कुमार की ओर से नवाचार कर जिले में दिव्यांग जनों के लिए सहायक उपकरणों के वितरण हेतु चलाए गए जन सहायक उपकरण वितरण चिन्हिकरण कैंप बुधवार को पंचायत समिति परिसर में लगाया गया। कैंप का जिला कलेक्टर ने पहुंचकर जायजा लिया और अधिकारियों को अधिक से अधिक दिव्यांग जनों को कैंप का लाभ मिले इसके लिए निर्देशित किया।

जिला कलेक्टर ने इस दौरान दो लाभार्थियों को मुख्यमंत्री मंत्री कन्यादान योजना के तहत 41 हजार व 51 हजार के चेक भी वितरित किए। तिजारा कैंप का निरीक्षण करने पहुंचे जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने कैंप में लाभार्थियों से दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी ली और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अलग-अलग विभागों की लगी स्टालों पर जाकर जिला कलेक्टर ने अवलोकन किया और लाभार्थियों को दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। जिला कलेक्टर ने अवलोकन के दौरान अधिकारी कार्मिकों को निर्देशित किया और कहा कि कोई दिव्यांगजन लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए।

समाज कल्याण अधिकारी महेंद्र कुमार ने बताया कि सह परीक्षण शिविर के दौरान 80 या उससे अधिक दिव्यांगता रखने वाले पात्र विषेश योग्य जनों को मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल के लिए चिह्नित किया गया। इस हेतु जिला कलक्टर के प्रयासों से अल्प समय में शिविर के लिए एलीमको टीम उपलब्ध करा लाभार्थियों का पंजीयन किया। शिविर में 16 विषेश योग्य जनों को मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल, 18 को बैसाखी, 10 को ट्राइसाइकिल, 2 को वॉकिंग स्टिक, 11 को व्हील चेयर, के लिए चिन्हीकरण किया गया है।

इसके अलावा कैंप में 40 विषेश योग्य जनों को राज्य सरकार से विभिन्न उपकरण हेतु चिह्नित किया गया। 15 दिव्यांगजनों के बस पास जारी किए गए और 11 दिव्यागजनों को नए मेडिकल प्रमाण पत्र बनाकर दिए गए हैं। इसके अलावा जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने ब्लॉक स्तर पर आमजन की समस्याओं के समाधान को लेकर प्रारंभ किए गए अटल जन सेवा शिविर के तहत जनसुनवाई की और अधिकारियों को मौके पर समाधान के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान प्रधान तिजारा जेपी यादव, तहसीलदार कृष्ण कुमार, बीडीओ, बिजली, सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं जलदाय विभाग के अभियंता सहित अन्य कर्मचारी व स्थानीय सरपंच मौजूद रहे।

वाहन ने टेंपो को मारी टक्कर, टेंपो चालक गंभीर घायल

पावटा। प्रागपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम टसकोला रोड पर रॉयल्टी नाका के पास अज्ञात वाहन ने टेंपो को टक्कर मार दी। इस हादसे में टैंपो चालक बुरी तरह से घायल हो गया। वही घटना की सूचना मिलने पर प्रागपुरा थाना पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से घायल टैंपो चालक को इलाज के लिए उपजिला अस्पताल पावटा में भर्ती करवाया जहाँ उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल कोटपुतली रेफर कर दिया गया। बुधवार शाम करीब 7 बजे बांसुर का रहने वाला रमेश चंद स्वामी पुत्र शंकर लाल स्वामी उम्र करीब 38 साल अपने टेपो को लेकर ग्राम टसकोला की ओर से आ रहा था। वही पावटा की और से जा रहे अज्ञात वाहन ने टेंपो में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में टेंपो चालक रमेश चंद स्वामी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद अज्ञात वाहन चालक फरार हो गया। पुलिस फरार वाहन चालक की तलाश कर रही है।

10 कार्मिक मिले अनुपस्थित, थमाया कारण बताओ नोटिस, अनुशासनात्मक कार्यवाही के दिये निर्देश

- ग्राम पंचायत रिवाली में लगाई रात्रि चौपाल

कोटपूतली । जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने गुरुवार को समाज कल्याण विभाग के छात्रावास तथा पंचायत समिति बहरोड़ का निरीक्षण किया तथा ग्राम पंचायत रिवाली में रात्रि चौपाल लगाई। उन्होंने आमजन की परिवेदनाओं को सुना तथा अधिकारियों को समाधान के लिये आवश्यक दिशा निर्देश दिये। कलक्टर ने बहरोड़ छात्रावास निरीक्षण के दौरान छात्रावास की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली तथा छात्रों से बात कर दी जाने वाली सुविधाओं भोजन, शैक्षिक गतिविधियां, सह शैक्षिक गतिविधियां इत्यादि के बारे में जानकारी लेकर मिल रहे भोजन का परीक्षण किया तथा छात्रावास अधीक्षक को आवश्यक सुधार लाने के निर्देश दिये। पंचायत समिति बहरोड़ के निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न अनुभागों में जाकर कार्य प्रणाली को परखा। इस दौरान उन्होंने उपस्थिति रजिस्टर को भी जांचा। जिसमें दस कार्मिक मौके पर अनुपस्थित पाये गये। उन्होंने एसडीएम व तहसीलदार को सभी अनुपस्थित कार्मिकों को कारण बताओ नोटिस जारी कर अनुशासनात्मक कार्यवाही अमल में लाने के निर्देश दिये। बहरोड की ग्राम पंचायत रिवाली में आयोजित रात्रि चौपाल में कलक्टर द्वारा आमजन की परिवेदनाओं को सुना गया। जिनमें मुख्य रूप से बिजली, पानी, सडक से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई। जिनके निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये गये। इस दौरान एसडीएम रामकिशोर मीणा, तहसीलदार अभिषेक यादव सहित संबंधित विभागों के अधिकारी, कर्मचारी तथा रात्रि चौपाल में बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

कांग्रेस ने मनाई पं नेहरू की जयन्ती

टोंक । भारत रत्न पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंति के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी टोंक के जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा सहित कांग्रेस जनो ने नेहरू पार्क टोंक स्थित पंडित जवाहर लाल नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। नेहरू की 135वीं जयंती के अवसर पर जिलाध्यक्ष हरि प्रसाद बैरवा ने कहा कि भारत को शून्य से शिखर तक पहुंचाने वाले आधुनिक भारत के शिल्पकार, भारत को वैज्ञानिक, आर्थिक, औद्योगिक व विभिन्न क्षेत्रों में विकासशील बनाने का काम पंडित जवाहर लाल नेहरू ने किया। उन्होंने कहा कि देश को निरन्तर विविधता में एकता का संदेश दिया लोकतंत्र के निर्भीक प्रहरी व प्रेरणा स्त्रोत थे। जिला सोशल मीडिया प्रभारी जर्रार खान ने बताया कि संगठन महासचिव दिनेश चौरासिया, देहात ब्लॉक अध्यक्ष कैलाशी देवी मीणा, सेवादल अध्यक्ष अब्दुल खालिक, जिला महामंत्री रामलाल संडीला, अशोक महावर, सी.पी. मेहता, इन्द्रा मेहता, मणिन्द्र बैरवा, इम्तियाज खान, जिला प्रवक्ता धमेन्द्र सालोदिया, पूर्व पार्षद शकील मियां, इरशाद खान सेवादल, फैजान खान, वसीमउल्ला बैग, मोहम्मद शकील राशन संघ, केप्टन सुरज चौधरी, जिला सचिव वासिद नूर, रशीद इंटक, मूलचन्द बैरवा, सुभाष मिश्रा, मोहन चौधरी आदि के अलावा बड़ी संख्या में कांग्रेस जन मौजूद रहे।

तीसरी आंख बंद, नहीं हो रही लोगों की निगरानी

पावटा। कस्बा पावटा के मुख्य चौराहों, बाजारों, सड़कों विद्यालयो में लगे सीसीटीवी कैमरे कई वर्षो से बंद पडे हैं। इनको ठीक कराने की जहमत ना तो पुलिस प्रशासन, और ना ही स्थानीय जनप्रतिनिधि उठा रहे हैं। सभी ने कैमरों की तरह ही अपनी आंखें बंद कर ली है। कैमरा बंद होने के कारण लोगों की निगहबानी नहीं हो रही है। सीसीटीवी कैमरा खराब रहने के कारण व्यापारियों को आपराधिक घटनाओं का हमेशा डर बना रहता है। पावटा कस्बे के मुय चौराहों, बाजारों, सडको, विद्यालयो में लगे सीसीटीवी कैमरों के काफी दिनों से खराब रहने के कारण इसका खामियाजा व्यवसायियों को भुगतना पड चुका है। पुलिस प्रशासन को निजी दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरे के भरोसे रहना होगा। बाजार में दर्जन भर ज्वेलरी दुकान एवं बैंक व एटीएम हैं। इस ओर ना तो पुलिस प्रशासन और ना ही जन प्रतिनिधि ध्यान दे रहे है। जबकी, कुछ दिनों से क्षेत्र में चोरी की घटनाएं बढ गई हैं। गत 22 अक्टूबर 2०24 को एयर फोर्स जवान की जेब से पावटा जयपुर दिल्ली बस स्टैंड पर कुछ अज्ञात लोगों ने 5० हजार रुपए चोरी कर ले गए, वही इससे पहले व्यापरियों से लाखों रुपये की लूट, कई घरों व दुकानों को चोरों ने अपना निशाना बनाया, आये दिन बाइक चोरी की घटनाओं के घटित होने के बाद भी पुलिस प्रशासन, स्थानीय जनप्रतिनिधि तीसरी आँख की तरह अपनी आँखे बंद कर बैठे है। तलब है कि लाखों की लागत से ग्राम पंचायत द्वारा कस्बे के मुय स्थानो पर सीएचसी कट, भोनावास रोड, सुभाष चौक, घंटाघर पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे, इसका कंट्रोल रूम प्रागपुरा थाना-पुलिस के कार्यालय में बनाया गया है। जिससे पूरे कस्बे की निगरानी हो सके, कोई भी आपराधिक गतिविधि होने पर तत्काल उस पर नियंत्रण पाया जा सके। वही सामाजिक कार्यकर्ता व पूर्व सरपंच प्रतिनिधि गोपाल अग्रवाल ने बताया कि पूर्व सरपंच पूजा अग्रवाल के कार्यकाल मे भामाशाहो ने 1० सीसीटीवी कैमरे कस्बे की सुरक्षा हेतु लगवाए थे लेकिन कैमरे पिछले कई सालों से सुधार व मेंटेनेंस की कमी के कारण बंद पडे हैं। कैमरो में तकनीकी खराबी आ गई है। जिससे सभी कैमरे तकनीकी खामी के कारण नहीं चल रहे है। कैमरे सभी मुय बाजारों व चौराहों पर एवं अन्य स्थानों पर लगे हुए हैं। जिसकी क्वालिटी बेहतर है, साफ विजन आता है। लेकिन कैमरों के बंद होने से कस्बे की कोई भी गतिविधि रिकार्ड नहीं हो पा रही है। कंट्रोल रूम ऑपरेटर का कहना है कि कई महिनो से कैमरे नहीं चल रहे है।

टोंक में भाजपा के एक लाख 15 हजार सदस्य बनाए

टोंक में भाजपा की संगठन कार्यशाला का आयोजन किया गया।

टांके। भारतीय जनता पार्टी टोंक द्वारा शहर के निजी होटल में जिला संगठन पर्व कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश से आये संगठन प्रभारी हिरेन्द्र शर्मा का जिलाध्यक्ष अजित सिंह मेहता के नेतृत्व में स्वागत किया गया।

इस बैठक की विवेचना प्रस्तुत करते हुये रामचंद्र गुर्जर ने बताया की अभी चले सदस्यता अभियान में टोंक जिले ने जिलाध्यक्ष अजित मेहता के नेतृत्व में अपना खासा योगदान दिया और इसी का परिणाम है की जिले में एक लाख 15 हजार से ज्यादा सदस्य बनाये गए है।

जिलाध्यक्ष मेहता ने कहा की हम अब तक उपचुनावों में ऐतिहासिक विजय हासिल करने जा रहे है और इस ऐतिहासिक विजय का शेर्य हमारे उन सभी कार्यकर्ताओ को जाता है जिन्होंने दिन रात पार्टी के लिए कार्य किया है, मेहता ने कहा की पार्टी वरिष्ठ सदस्यों को पार्टी का वरिष्ठ सदस्य बनाना है और अब पार्टी का लक्ष्य है की हर बूथ पर 2 सक्रिय सदस्य बनाने का लक्ष्य है और जिले में 1099 बूथ है, बूथ स्तर पर चुनावों को लेकर पार्टी जा रही है और हमे गर्व होता है की हम विश्व के सबसे बडे राजनितिक दल के सदस्य है, जिला महामंत्री महेंद्र चौधरी दीपक संगत ने सक्रिय सदस्य बनाने के लिए आवश्यक बातो पर बैठक को सम्बोधित किया। इस बैठक में जिला महामंत्री संत कुमार जैन जिला उपाध्यक्ष, खैमराज मीणा, रमेश गढ़वाल ओम पांडे जगदीश गुर्जर जिला संगठन चुनाव सयोंजक राजकुमार जैन, रामचंद्र गुर्जर ,जीतेन्द्र चाँवरिया,जिला मंत्री शीला मीणा, शशि जैन, अंकुर गुप्ता,पुरषोत्तम सैनी शैलेन्द्र जैन जिला प्रवक्ता रामावतार धाबाई ,जिला कोषाध्यक्ष सुनील जैन, जिला मीडिया सयोजक राहुल देव शर्मा, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा, जिला सोशल मीडिया सयोंजक राजवीर चौधरी एस टी मोर्चा जिलाध्यक्ष राजकुमार मीणा सहित जिले के मण्डल अध्यक्ष मण्डल पदाधिकारी उपस्थित रहे। भाजपा की संगठन कार्यशाला सम्पन्न टांके। भारतीय जनता पार्टी टोंक द्वारा शहर के निजी होटल में जिला संगठन पर्व कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश से आये संगठन प्रभारी हिरेन्द्र शर्मा का जिलाध्यक्ष अजित सिंह मेहता के नेतृत्व में स्वागत किया गया। इस बैठक की विवेचना प्रस्तुत करते हुये रामचंद्र गुर्जर ने बताया की अभी चले सदस्यता अभियान में टोंक जिले ने जिलाध्यक्ष अजित मेहता के नेतृत्व में अपना खासा योगदान दिया और इसी का परिणाम है की जिले में एक लाख 15 हजार से ज्यादा सदस्य बनाये गए है। जिलाध्यक्ष मेहता ने कहा की हम अब तक उपचुनावों में ऐतिहासिक विजय हासिल करने जा रहे है और इस ऐतिहासिक विजय का शेर्य हमारे उन सभी कार्यकर्ताओ को जाता है जिन्होंने दिन रात पार्टी के लिए कार्य किया है, मेहता ने कहा की पार्टी वरिष्ठ सदस्यों को पार्टी का वरिष्ठ सदस्य बनाना है और अब पार्टी का लक्ष्य है की हर बूथ पर 2 सक्रिय सदस्य बनाने का लक्ष्य है और जिले में 1099 बूथ है, बूथ स्तर पर चुनावों को लेकर पार्टी जा रही है और हमे गर्व होता है की हम विश्व के सबसे बडे राजनितिक दल के सदस्य है, जिला महामंत्री महेंद्र चौधरी दीपक संगत ने सक्रिय सदस्य बनाने के लिए आवश्यक बातो पर बैठक को सम्बोधित किया। इस बैठक में जिला महामंत्री संत कुमार जैन जिला उपाध्यक्ष, खैमराज मीणा, रमेश गढ़वाल ओम पांडे जगदीश गुर्जर जिला संगठन चुनाव सयोंजक राजकुमार जैन, रामचंद्र गुर्जर ,जीतेन्द्र चाँवरिया,जिला मंत्री शीला मीणा, शशि जैन, अंकुर गुप्ता, पुरषोत्तम सैनी शैलेन्द्र जैन जिला प्रवक्ता रामावतार धाबाई ,जिला कोषाध्यक्ष सुनील जैन, जिला मीडिया सयोजक राहुल देव शर्मा, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा, जिला सोशल मीडिया सयोंजक राजवीर चौधरी एस टी मोर्चा जिलाध्यक्ष राजकुमार मीणा सहित जिले के मण्डल अध्यक्ष मण्डल पदाधिकारी उपस्थित रहे।

सार-समाचार

दौसा के बीघावास में हुआ सबसे कम मतदान

दौसा। दौसा विधानसभा क्षेत्र के उप चुनाव में 62.30 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जिसमें 64.27 प्रतिशत पुरूष एवं 60.12 प्रतिशत महिला मतदाता शामिल है। इधर सर्वाधिक मतदान राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय राजपुरा में 87.41 प्रतिशत तथा सबसे कम मतदान राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कमरा नं.1 बीघावास में 1.87 प्रतिशत मतदान हुआ। वही दूसरी मतगणना 23 नवंबर को होगी, बावजूद इसके राजनैतिक पंडित मतदान को देखकर चुनाव परिणाम को लेकर कई तरह के दावेकर रहे है। उधर दौसा विधानसभा क्षेत्र में 18 से 19 वर्ष आयु के 3562 एवं 20 से 25 वर्ष आयु के 19 हजार 2 तथा 85 वर्ष एवं इससे अधिक आयु के 1 हजार 180 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिला निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र कुमार ने बताया कि दौसा विधानसभा क्षेत्र में बुधवार को हुए मतदान में दो लाख छियालीस हजार तेईस सामान्य मतदाताओं में से एक लाख तिरेपन हजार दौ सौ अठहत्तर सामान्य मतदाताओं ने अपने मताधिकार प्रयोग किया। कुल एक लाख उन्नतीस हजार चार सौ चौतीस पुरूष मतदाताओं में से तियासी हजार एक सौ नवासी एवं एक लाख सोलह हजार पॉच सौ नवासी महिला मतदाताओं में से सत्तर हजार नवासी महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने बताया कि राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय राजपुरा (बूथ नं. 52) में सर्वाधिक 87.41 प्रतिशत मतदान एवं सबसे कम राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कमरा नम्बर 1 बीघावास (बूथ नं. 158) में 1.87 प्रतिशत हुआ।

चाचा नेहरू की मनाई जयंती

मालपुरा (निस) गुरूवार को चाचा नेहरू की जयंती पर सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों में मनाई गई नेहरू जी की जयंति। स्वामी विवेकानन्द मॉडल विद्यालय में बाल समारोह आयोजित किया गया। प्रधानाचार्य हंसराज जाट सहित स्टाफकर्मियो ने नेहरूजी के जीवन पर प्रकाश डालते हुये विद्यार्थियों को चाचा नेहरूजी की जीवनी से अवगत करवाया। वही पालिका अध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी ने एक निजी विद्यालय में बच्चों के बीच पहुंच कर चाचा नेहरू की जयंती मना रहे बच्चो द्वारा लगाई गई स्टॉल का जायजा लियां

हर्षोल्लास से मनाया बाल दिवस

पावटा। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की जयंती को बाल दिवस के रूप में मनाते हुए एमएम पब्लिक स्कूल, प्रागपुरा पावटा में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यऋमों व खेलकूद प्रतियोगिताओ में भाग लेते हुए दृढ संकल्प के साथ जीवन में आगे बढने का आ ान किया व चाचा नेहरू के आधुनिक भारत के निर्माण में दिए गए योगदान को याद किया।-कार्यऋम की शुरुआत विद्यालय चेयरमैन मनोज कुमार मित्तल द्वारा पं. जवाहर लाल नेहरू के छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।इस दौरान विद्यालय प्रांगण में आकर्षक रंगोली बनाई गई और परिसर की साज-सज्जा की गई। बालिकाओं ने पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन पर आधारित विभिन्न कार्यऋम प्रस्तुत कर चाचा नेहरू के आधुनिक भारत के निर्माण में दिए गए योगदान को याद किया। इसके पश्चात विद्यालय प्रबंधक अखिलेश्वर मिश्रा और प्राचार्य रमेश चंद्र पांडे ने संबोधित करते हुए कहा कि पंडित जवाहर लाल नेहरू आधुनिक भारत के निर्माता थे। उनके योगदान के बिना 21वीं सदी के भारत की कल्पना नहीं की जा सकती है। उनके विचारों ने आजादी के बाद की चुनौतियों से पार पाकर भारत के आर्थिक विकास को आगे बढाया। उन्हें बच्चों से बडा लगाव था इसलिए 14 नवंबर को उनका जन्मदिवस बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। कार्यऋम का संचालन सर्वेश निगम, मोहक, आराध्या ने किया। इस अवसर पर विद्यालय छात्र -छात्रा व शिक्षकगण मौजूद रहे।

भोजन प्रसादी कार्यक्रम आयोजित

मनोहरपुर । शहर में जांगिड ब्राह्मण सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति त्रिवेणी धाम द्वारा 17 वां 21 जोडों का विवाह व सामाजिक सम्मेलन सुंदर ढंग से सफल होने के उपलक्ष में प्रात: स्मरणीय वंदनीय श्री श्री 1008 श्री पीठाधीश्वर महाराज श्री राम रिछपाल दास जी महाराज कि सानिध्य व आदेश अनुसार साधु-संतों एवं गुरुकुल के विद्यार्थियों का समिति अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार जांगिड व भामाशाह प्रभु दयाल जांगिड भामोद वालों की ओर से भोजन प्रसादी व दक्षणा देकर आशीर्वाद प्राप्त किया वहीं पूर्व अध्यक्ष मामराज चिचावा ने सभी कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष मदनलाल हरसोलिया मुख्य संरक्षक बालसहाय चिचावा , सत्यनारायण हरसोलिया, लखन लाल जांगिड़ पूर्व कोषाध्यक्ष साधुराम बिदारा मुरलीधर जांगिड़ नाथावाला कोषाध्यक्ष मोहनलाल आमेंरिया खोरा सुरेश कुमार पंवार गजानंद देवीपुरा महामंत्री राधेश्याम रतनपुरा उपाध्यक्ष रिछपाल आमेरीया दिनेश कुमार रूपपुरा रामावतार जांगिड खातेडी आदि गणमान्य व्यक्ति समाज के मौजूद रहे।

भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक हुई

चौंमू / कालाडेरा (निंस) भारतीय जनता पार्टी नगर मण्डल चौंमू और देहात मण्डल बांसा की मीटिंग का आयोजन शहर के एक निजी गार्डन में किया गया। भाजपा देहात मण्डल बांसा की मीटिंग मण्डल प्रभारी गुड्डू सैनी और जिला चुनाव सह प्रभारी दामोदर शर्मा की अगुवाई में आयोजित हुई तथा नगर मण्डल चौंमू की मीटिंग का आयोजन मण्डल प्रभारी रत्ना कुमारी, मण्डल सह प्रभारी साँवर मल चौधरी और जिला चुनाव सह प्रभारी दामोदर शर्मा की अगुवाई में आयोजित की गई। मीटिंग में पधारे सभी कार्यकर्ताओं का तिलक कर और दुपट्टा आढोकर सम्मान किया गया तथा कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा पंडित दीनदयाल जी उपाध्याय के चित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर की गई। मीटिंग में संगठन की आगामी कार्ययोजनाओं को लेकर विस्तृत चर्चा हुई तथा मण्डल प्रभारियों द्वारा बूथ संरचना के लिए दोनों मण्डलों में सहयोगियों की नियुक्तियां की। देहातमण्डल बांसा में आशीष दुसाद, बजरंग लाल सोनी, कालूराम जाट, गजेन्द्र यादव, आलोक जांगिड, राहुल शर्मा, कुंदन सिंह, रामावतार कुलदीप को तथा नगर मण्डल चौंमू में जमनलाल सैनी, अर्जुनलाल यादव, महेश योगी, महेश यादव, मुरारीलाल खांडल, नरोत्तम शर्मा, रामकरण कुमावत, प्रकाश हाटवाल को सहयोगी के रूप में नियुक्त किया गया है। मीटिंग का समापन नगर मण्डल अध्यक्ष गजानंद कुमावत और बांसा मण्डल अध्यक्ष श्रीराम शर्मा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए किया। इस मोके पर पूर्व फल सब्जी मंडी अध्यक्ष दिनेश गौरा, नगर पालिका पूर्व अध्यक्ष आशीष दुसाद, नानूराम सैनी, सरपंच बाबूलाल गुर्जर, मांगीलाल शर्मा, पार्षद संदीप शर्मा, बाबूलाल राइ, मुकेश जांगिड, विनोद गोदारा, प्रहलाद टेलर, राजेन्द्र गुलिया, रफीक नागौरी, राजेश बारी, सीएम खटिक, वासुदेव शर्मा, नान्छीलाल शर्मा, कमलेश संत, लालचंद संत सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

'पात्र लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाए'

पावटा। गुरुवार को पंचायत समिति पावटा प्रधान पूजा चौधरी की अध्यक्षता में संयुक्त सहायता अनुदान एवं विशेष योग्यजन यू